जिला आपदा प्रबन्ध योजना, जनपद– फिरोजाबाद।

बर्ष : 2017–18

जिलाधिकारी कार्यालय, फिरोजाबाद।

सम्पर्क सूत्र :

फोन नं० 05612-285217 या टोल फ्री नं० १०७७

वेबसाइटः firozabad.up.nic.in

जिला आपदा प्रबंधन

एवं

न्यूनीकरण योजना

2017 - 2018

जनपद–फिरोजाबाद

(उदय सिंह)
अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)
फिरोजाबाद

(नेहा शर्मा)
जिलाधिकारी
फिरोजाबाद

जिला आपदा प्रबन्धन योजना

—: प्रस्तावनाः—

सामान्य तौर पर आपदा का तात्पर्य किसी ऐसी दुर्घटना से लगाया जाता है, जिसका सामना करने के लिये कोई व्यक्ति या समूह अपने आप में तैयार एवं समर्थ न हो। राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन अधिनियम— 2005 में आपदा को दैवी, मानव जनित, दुर्घटना, दुर्घटना अथवा लापरवाही से हुई किसी ऐसी बडी दुर्घटना के रूप में परिभाषित किया गया , जिसमें व्यापक जन—धन की हानि, पर्यावरण की क्षति कारित हो तथा प्रभावित क्षेत्र के लोग उसका सामना करने में असमर्थ हों। परम्परागत रूप से दैवी आपदा जैसे बाढ, सूखा, अग्निकाण्ड, आकाषीय बिजली, ओलाबृत्ति, आदि के उपरान्त पीडितों को राहत सहायता उपलब्ध कराना राज्यों का मुख्य कार्य होता रहा है। नई परिस्थितियों में अनेक मानव जनित दुर्घटनाऐं इस प्रकार की होती है, जिसका असर दैवीय आपदाओं के बराबर या उससे अधिक हो। इसी कारण आपदा की वर्तमान अवधारण में दैवीय आपदाओं के साथ ही मानव जनित कारकों को भी शामिल किया गया है तथा आपदा प्रबन्धन में पूर्व तैयारी एवं पुर्नवास का राष्ट्रीय नेटवर्क, राहत वितरण के साथ ही शामिल किया गया है। वर्तमान में आपदा प्रबन्धन का उद्देष्य इस तरह की घटनाओं को यथा संम्भव रोकना , आपदा के प्रभाव को कम करना, आपदा के दौरान सीधे मदद पहुॅचाना, प्रभावितों को आपदा से उबरने में मदद एवं उनका पुनर्वास करना है।

राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन अधिनियम—2005 के अर्न्तगत राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण का गठन किया गया है। राज्य स्तर पर राज्य आपदा प्रबन्ध प्राधिकरणका गठन किया गया है। जिला स्तर पर जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण का गठन दिनांक—26.04.2011 को किया गया है। जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण गठन का उद्देष्य राष्ट्रीय/राज्य स्तर से बनायी गयी नीतियों का अनुपालन एवं अनुश्रवण, जिला स्तर पर विभिन्न विभागों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं, पंचायती राज संस्थाओं में बेहतर ताल मेल स्थापित कर आपदा की पूर्व तैयारी, आपदा की दषा में त्वरित कार्यवाही तथा राहत एवं पुर्नवास कार्यों का बेहतर संचालन करना है।

जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के अध्यक्ष पदेन जिलाधिकारी सहित कुल 7 सदस्य हैः—

जिलाधिकारी फिरोजाबाद	जिला पंचायत अध्यक्ष	पुलिस अधीक्षक	अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)	मुख्य चिकित्सा अधिकारी	अधिषासी अभियन्ता लोक नि0 वि0 खण्ड	अधिषासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड
पदेन अध्यक्ष	पदेन सह अध्यक्ष	पदेन सदस्य	पदेन सदस्य/सचिव	पदेन सदस्य	पदेन सदस्य	पदेन सदस्य

जनपद फिरोजाबाद में परम्परागत रूप से बाढ सूखा की अलग—अलग प्रबन्ध योजना बनती रही है। जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के गठन के बाद उसकी देख रेख मं एकीकृत प्रबन्ध योजना बनायी जा रही है।

फिरोजाबाद की आपदा प्रबन्ध योजना को चार भागों में बाटा गया है। सुविधा के लिये प्रत्येक भाग में कुछ अध्याय बनाये गये है। प्रथम भाग मे ऐसे विषयों को रखा गया है, जो विभिन्न आपदाओं की तैयारी एवं जोखिम न्यूनीकरण की योजना बनाने तथा उन्हें लागू करने, क्षमता विकास आदि से संम्बन्धित है। द्वितीय भाग जिले से संम्बन्धित आपदाओं के प्रबन्धन से संम्बन्धित है। तृतीय भाग में योजनाओं के कियान्वयन का फीड बैक, रिपोटिंग व्यवस्था आदि विषय है। चतुर्थ भाग में महत्वपूर्ण शासनादेश, महत्वपूर्ण टेलीफोन नंम्बर, जिले का नक्शा आदि है।

अध्याय– 1

जनपद फिरोजाबाद– एक परिचय

जनपद फिरोजाबाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश में लखनऊ से लगभग 315 कि0मी0 दूरी पर स्थित है। इसकी सीमायें पूरब में इटावा पश्चिम आगरा,मथुरा तथा उत्तर में एटा मैनपुरी दक्षिण में आगरा को छूती है। यमुना केन मुख्य नदियॉ है। जनपद सड़क एवं रेल मार्ग से जुडा हुआ है। जनपद में कुल 825 राजस्व ग्राम, 5 तहसीलें, 9 विकास खण्ड, 21 थाने, 2 नगर पंचायतें एवं एक नगर निगम जिसका सृजन 04.08.2014 को हुआ है, व 03 नगरपालिकाएं है। चिकित्सा की दृष्टि से जनपद स्तर पर एक महिला चिकित्सालय, पुरूष चिकित्सालय के अतिरिक्त 07 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 05 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है एवं नवीन प्रा0स्वा0के0 52 तहसील स्तरीय चिकित्सालय 01,डी टाइप स्वास्थय केन्द्र महिला 01, कुल कार्यरत ए0एन0एम0 214 कुल स्थापित ओ0एस0 घर 340 कुल चिकित्साधिकी 53 संविदा चिकित्साधिकारी 55 है।

जीविकोपार्जन का मुख्य साधन कृषि है। जनपद की जमीन बहुत उपजाऊ है। रबी की मुख्य फसल गेंहू तथा खरीफ की मुख्य फसल बाजरा है। उद्योग धन्धों की संख्या काफी होने के कारण आर्थिक दृष्टि से जिले की गणना जिलों में होती है। जिला राजनैतिक दृष्टि से संम्वेदन शील एवं महत्वपूर्ण है। एक लोक सभा क्षेत्र तथा 05 विधान सभा क्षेत्र जिले में शामिल है।

2011 में सम्पन्न जनगणना के अनन्तिम आकडें जनपद की स्थित को और स्पष्ट करते हैः–

जनसंख्या

	कुल	पुरूष	स्त्री	अन्य	लिंगानुपात
ग्रामीण	1608994				
नगरीय	806692				
योगः–	2415685				

साक्षरता

	कुल	पुरूष	स्त्री	अन्य	साक्षरदर
ग्रामीण					
नगरीय					
योगः–					

जनसंख्या की दृष्टि से जिला प्रदेश में चतुर्थ स्थान पर है। पिछडे जिलों में गणना के बाबजूद बेहतर लिंगानुपात की दृष्टि से जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर है।

मानचित्र : जनपद फिरोजाबाद

DISTRICT MAP OF FIROZABAD



अध्याय– 2

आपदा–इतिहास एवं संभावनाः–

जनपद फिरोजाबाद में बाढ का कोई इतिहास नही रहा है , सूखा, अग्निकाण्ड, ऑधी, तूफान, ओलावृष्टि शीत लहरी जैसी परम्परागत दैवी आपदायें आती रही है।

1– बाढ

(1) यमुना नदी जो तहसील फिरोजाबाद, शिकोहाबाद से होकर गुजरती है, में ओखला वैराज से पानी छोडे जाने के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा होती है।

(2) केन नदी तहसील जसराना से होकर गुजरती है।

2–सूखा–

कम वर्षा के कारण वर्ष 2004–2005 में जनपद सूखाग्रस्त घोषित हुआ है। सूखे से खरीफ की फसल को क्षति पहुॅचने के पश्चात जनपद का इतिहास सूखे से प्रभावित नही रहा है। सूखे के कारण अब तक ऐसी स्थित नहीं आयी है, जिसमें किसी गॉव की आवादी या पशुओं को दूसरे स्थान पर ले जाना पडा हो अथवा टैंकर से जलापूर्ति करनी पडी हो। भुखमरी की स्थित भी अब तक नहीं पैदा हुयी है।

3– अग्निकाण्ड

जनपद के विभिन्न भागों में अग्निकाण्ड से प्रतिवर्ष व्यापक नुकसान होता है। अग्निकाण्ड की घटनाऐं प्रायः फरबरी से जून तक के महीने में होती है वर्ष 2010 में सर्वाधिक 410 घटनायें अग्निकाण्ड की हुई थी, जिसमें 1 मनुष्य एवं 59 पशुओं की मृत्यु हुई थी। जिसके बाद छुट–पुट घटना हुई है।

4– **ओलावृत्ति एवं शीतलहरी** से यदा कदा धन एवं जन की हानि होती रही है। आधी तूफान से भी जन धन की हानि हुई है, किन्तु ओलाबृष्टि, शीत लहरी ऑधी तूफान से किसी बडी घटना का इतिहास इस जनपद का नहीं है।

5–**भूकम्प एवं साइक्लोन (चक्रवात)** का कोई इतिहास इस जनपद का नहीं रहा है। भूकम्प की दृष्टि से जनपद फिरोजाबाद जोन–3 में आता है, जो मध्यम दर्जे की खतरनाक स्थित है, किन्तु जनपद जोन–4 के नजदीक है, जिससे भूकम्प की दृष्टि से जनपद के कोई विषेष संवेदनशीलता नहीं पायी जाती है।

6–**मानव जनित आपदाओं की आषंका**– जनपद आजमगढ का कोई अतिहास मानव जनित आपदाओं के संन्दर्भ में नहीं रहा हैं वर्तमान कार्य योजना में इसे शामिल किया गया है, क्यों किसी आपदा स्थित से निपटने हेतु संसाधनों की पहचान एवं मानसिक तैयारी, खतरे की जानकारी एवं बचाव के उपायों की जानकारी से इस प्रकार के खतरों से कुशलता पूर्वक निपटा जा सकता है।

अध्याय– 3
आपदा प्रबन्ध में विकास कार्यों की भूमिका :–

आपदाऐं व्यापक पैमाने पर जन–धन को क्षति पहुॅचाती है और इसका सीधा नुकसान इस क्षेत्र के विकास कार्यों को पहुॅचाता है। विकास की स्थिरता एवं निरन्तरता के लिये विकास के विभिन्न पहलुओं को आपदा प्रबन्धन से जोडने में है, जिससे क्षति कम से कम हो, और क्षति की भरपाई शीघ्रता से हो सके,। इस तथ्य को स्वीकार करते हुये और इस पर बल देने के लिये 10 वीं पंचवर्षीय योजना में आपदा प्रबन्धन को जोडता है।

जिले स्तर पर बाढ, सूखा, सिंचाई, पेयजल, शिक्षा, निर्माण आदि क्षेत्रों में गतिमान कई योजनाओं को विकास योजनाओं से संम्बद्ध किया जा सकता है। कार्यक्रमों एवं उनसे जुडे विभागों, अधिकारियों के कुछ उदाहरण निम्नवत समझे जा सकते है।

नोडल अधिकारी	कार्यक्रम	कार्य कौन करेगा/कब करेगा
कलेक्टर/ जिलाधिकारी	विभिन्न विभागों के रोजगार कार्यक्रमों, जिला योजना, प्रदूषण–नियन्त्रण, निर्माण आदि की निगरानी।	विभागीय अधिकारी योजनाओं के कियान्वयन एवं मूल्यांकन के समय।
मुख्य विकास अधिकारी	ग्राम्य विकास के कार्यक्रम जैसे – रोजगार गारण्टी योजना	सूखा, बाढ , भूकम्प की स्थित में खण्ड विकास अधिकारियों के माध्यम से रोजगार सृजन
अधिशासी अभियन्ता जल निगम	ग्रामीण पेयजल योजना	सूखा, बाढ , भूकम्प आदि के समय स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना। अपनी पाइप लाइनों का रख रखाव आदि।
जिला पंचायत राज अधिकारी	ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम	सफाई/पंचायत कर्मचारियों के माध्यम से स्वच्छता एवं जागरूकता सुनिश्चित कराना।
बेसिक शिक्षा अधिकारी	सर्व शिक्षा अभियान, मध्याहन भोजन योजना, आदि अन्य विभागीय योजनाऐं।	विद्यालयों को भूकम्प रोधी बनाना विद्यालयों का रख, रखाव इस हिसाब से करना कि उसका उपयोग शरणालय के रूप में भी हो सके। छात्रों एवं शिक्षकों के माध्यम से आपदा प्रबन्धन के प्रति संम्बेदनशीलता एंव जागरूकता पैदा करना।
जिला कृषि अधिकारी	विभिन्न विभागीय कार्यक्रम	बाढ के समय नष्ट हुई फसलों की भरपाई हेतु देर से बोई जाने वाली प्रजातियों की उपलब्धताएवं जागरूककता। इसी प्रकार सूखे की स्थित में कम पानी वाली फसलों के बीजों की उपलब्धता एंव जागरूकता।
पशु चिकित्सा अधिकारी	टीकाकरण आदि विभागीय कार्यक्रम	आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पशुओं का टीकाकरण, घायलों का इलाज एवं मृत पशुओं के उचित निस्तारण की व्यवस्था

मुख्य चिकित्सा अधिकारी	ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन एवं अन्य विभागीय कार्यक्रम	आपदा प्रभावित क्षेत्रों में टीकाकरण, घायलों का इलाज एवं शवों के उचित निस्तारण की व्यवस्था।
आवास एंव नगर विकास	विभिन्न विभागीय कार्यक्रम	बिल्डिंग संम्बन्धी प्रतिबन्धों का कडाई से अनुपालन, भूकम्प रोधी भवनों के निर्माण संम्बन्धी विधियों का अनुपालन।
अधिशासी अभियन्ता बाढ खण्ड	विभिन्न विभागीय कार्यक्रम	डूब क्षेत्र का परिवेक्षण, बॉधों का समुचित रख रखाव एव ंसुरक्षा
अधिशासी अभियन्ता सिंचाई खण्ड	विभिन्न विभागीय कार्यक्रम/ योजनाऐं	सूखे के समय नहरों में पर्याप्त पानी की उपलब्धकता सुनिश्चित करना

संक्षेप में कहा जाय तो अपने विभागीय दिशा निर्देशों के अधीन विकास से संम्बन्धित सभी विभाग अपनी योजनाओं को बनाने एवं क्रियान्वयन में आपदा प्रबन्धन से जुडे विभिन्न पहलुओं का ध्यान रखें तो एक ओर स्थिर विकास की अवधारणा सफल होगी। दूसरी ओर आपदा प्रबन्धन से होने वाली क्षति भी कम होगी।

अध्याय– 4

तैयारी एवं सटीक प्रतिकिया

इस अध्याय में आपदा की तैयारी के सिलसिले में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की जानी है।

1. उपलब्ध संसाधन।
2. समुदाय आधारित आपदा प्रबन्धन ।
3. प्रशिक्षण, जाकरूकता एवं पूर्वाभ्यास।
4. Enicident Command System(इन्सीडेण्ट कमाण्ड सिस्टम)
5. आपात कालीन केन्द्र।

01. उपलब्ध संसाधन– जनपद में कुल लगभग 20000 सरकारी कर्मचारी विभिन्न विभागों में कार्यरत है। सिविल पुलिस , होमगार्ड के जवान भी आपदा कार्यों हेतु लगाये जा सकते है। एन0सी0सी0 तथा एन0एस0एस0 के स्वयं सेवकों की सेवायें भी ली जा सकती है। उपलब्ध संसाधनों की सूची संलग्नक 1 में प्रदर्शित है।

02. सामुदाय आधारित आपदा प्रबन्धन–सामुदाय योजना बनाने का मुख्य कारण यह होता है कि व्यक्तियों और समुदाय की असुरक्षा कम की जाय और आपदाओं के विकारी असर को सहन करने की उनकी क्षमता बढाई जाए। अतः आवश्यक सामुदायिक योजना बनाने में लोगों की सहभागिता आवश्यक हेाती है। क्योंकि जवाबी कार्यवाही करने में सबसे पहले आगे आते है। आपदा की हालत में वही लोग सफल एवं उपयोगी होते है, जिनके पास चिकित्सीय या अन्य आपातकालीन स्थितियों से निपटने का प्रषिक्षण होता है। आपदा से पहले तथा उसके पश्चात के कुछ घण्टे लेागों के प्राण बचाने में बाहरी सहायता आने में वक्त लग जाता है। ऐसी हालत में समुदाय के प्रषिक्षित सदस्य जीवन रक्षक सम्पदा के रूप में काम करते है। इसके अतिरिक्त खतरे को कम करने की दिषा में सामुदाय एक विशेष भूमिका निभाते है। समुदाय की शिक्षा और सहयोग के बिना आपदा प्रबन्ध की कोई भी योजना पूरी नहीं हो सकेगी। इस बाढ प्रबन्ध योजना में समुदाय के प्रशिक्षण एवं जागरूकता सुनिश्चित करने के महत्व को रेखांकित करते हुए ग्राम स्तर तक की कार्य योजना बनाने तथा उनके प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास आदि की योजना रखी गयी है। ग्राम स्तरीय कार्य योजना बनाने के लिये चैकलिस्ट ***अनुलग्नक–1*** के रूप में भाग–4 में संलग्न है।

03. प्रशिक्षण, जागरूकता एवं पूर्वाभ्यास–इस क्षेत्र मे अभी बहुत कार्य करने की आवश्यकता है। प्रशिक्षण एवं पूर्वाभ्यास के साथ ही ग्राम स्तरीय आपदा योजना बनानी होगी। प्रशिक्षण का कार्यक्रम इस प्रकार बनाया गया है–

समग्र प्रशिक्षण/जागरूकता कार्यक्रम–

स्तर	मुख्य आयोजक	प्रतिभागियों का विवरण	कार्यक्रम का विवरण
जिला	अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)	जिला स्तरीय विभिन्न विभागीय अधिकारी, जन प्रतिनिधि, मीडिया एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से जुडे लोग	**1–**प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम दो भागों में चलाया जायेगा। द्वितीय भाग में पूर्वाभ्यास (Mock Drill) करके व्यवहारिक प्रषिक्षण दिया जायेगा। **2–**सभी स्तरों पर सम्बन्धित अधिकारियों संस्थाओं, जन प्रतिनिधियों एंव मीडिया के दायित्वों पर भी चर्चा की जायेगी।
तहसील	उप जिलाधिकारी	तहसील स्तरीय अधिकारी, जन प्रतिनिधि, मीडिया एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से जुडे लोग।	
ब्लाक	खण्ड विकास अधिकारी	खण्ड विकास स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि मीडिया एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से जुडे लोग।	
ग्राम	लेखपाल, ग्राम पंचायत अधिकारी	ग्राम स्तरीय अधिकारी, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत सदस्य आदि।	

Encident Command System- किसी दुर्घटना की स्थित में अफरा तफरी से बचाने एवं त्वरित कार्यवाही हेतु एकीकृत नियन्त्रण प्रणाली उपयोगी है। इस प्रणाली के मुख्य नियंत्रक जिला मजिस्ट्रेट है। विभिन्न आपदाओं की प्रकृति के हिसाब से भिन्न इंन्सीडेण्ट कमाण्डर बनाये गये है। मानव जनित आपदाओं जैसे जैव, परमाणु या रसायन हमले की स्थित में पुलिस अधीक्षक इन्सीडेण्ट कमाण्डर है। बाढ सूखा, भूकम्प आदि परम्परागत दैवी आपदाओं के लिये अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) इन्सीडेण्ट कमाण्डर है।

इन्सीडेण्ट कमाण्डर के मुख्य कार्य

1. आपात स्थित में संचार की समन्वित व्यवस्था।
2. त्वरित राहत /बचाव एवं खोज बलों को मौके पर भेजना एवं उनको आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना।
3. विस्थापन कार्य का मूल्यांकन एवं क्रियान्वयन
4. उपलब्ध संसाधनों की अपर्याप्तता की दशा में बाहरी सहयोग प्राप्त करने की प्रक्रिया अपनाना।

आपात कालीन केन्द्र–राजस्व कन्ट्राल रूम से भिन्न पर्याप्त मानव संसाधन एवं आधुनिक संचार सुविधाओं/उपकरणों से युक्त एक आपात कालीन केन्द्र कलैक्ट्रेट फिरोजाबाद में स्थापित किया जायेगा। उपजिलाधिकारी स्तर के अधिकारी इसके प्रभारी होंगे। सामान्य दिनों में यह केन्द्र आपदा के प्रशिक्षण , जनजागरूकता एवं पूर्वाभ्यास से संम्बन्धित कार्य देखेगा तथा सैन्य एवं अर्ध सैनिक बलों से समन्वय रखेगा। यह केन्द्र केन्द्रीय जल आयोग, मौसम विभाग आदि से प्राप्त पूर्व चेतावनियों का अभिलेखीय करण करेगा तथा सर्व संम्बधित को सूचित भी करेगा। शासन को भेजी जाने वाली रिपोर्टों को संकलित एंव तैयार करने का कार्य भी करेगा।

अध्याय– 5

रायायनिक हथियारों/पदार्थों से संम्बन्धित आपदा :

अनेक प्रकार के रासायनिक पदार्थ /जहरीली गैस , द्रव या ठोस रूप में भयानक आपदाऐं पैदा कर सकती है, जो मनुष्यों , पशुओं, फसलों आदि के लिये खतरनाक हो सकती है। इनमें से अधिकांष जलन, आन्तरिक अथवा वाह्य चोट अथवा अपंगता पैदा कर सकते है। हवा के माध्यम से फैलकर ये ऑख, फैंफडा, चमडी आदि पर घातक असर डालते है। संक्रमित खाद्य पदार्थों के सेवन से पाचन क्रिया पर कुप्रभाव पडता है। भूमि, जल एवं वायु पर भी इनका दुष्प्रभाव पडता है। इनकी गम्भीरता रसायन के प्रकार एवं मात्रा पर निर्भर करती है। इस प्रकार की आपदाऐं दुर्घटनावष भी हो सकती है, और आषान उपलब्धता के कारण आतंकवादी भी इसका दुरूपयोग कर सकते है।

इस प्रकार के रसायनों का वर्गीकरण उपयोग एंव विष की श्रेणी के आधार पर किया गया है।

1. उपयोग के आधार पर कुछ रसायन केवल सैन्य उपयोग के लिये है, इन्हें कैमीकल वारफेयर CWकहा जाता है। Tabum(GA), Sarin(GB),Soman(GD), VX, Sulfur Mustar(HD), Lewisite(L), Hydrogen Cyanide (AC), Cholrineआदि इनके उदाहरण है।
2. दोहरे उपयोग वाले कुछ रसायनों का प्रयोग सैन्य तथा औद्योगिक इकाईयों में किया जाता है। 2–Chloroethanol, Ammonium Bifluoride, Arsenic Trichloride, Benzilic Acidआदि इसके उदाहरण है।
3. कई औद्यौगिग रयायन भी बहुत जहरीले होते है। Ammonia, Arsine, Chlorine, Sulfur Dioxide, Hydrogen Bromideआदि इसके उदाहरण है।
4. कीटनाशकों (Pesticide) जैसे कुछ रसायनों का उपयोग कृषि कार्यों में भी होता है। Herbicidesसीधे फसलों को क्षति पहुॅचाते है।

संम्भावित स्थल

1. भीड भाड वाले इलाके सदर बाजार फिरोजाबाद।
2. टेलीफोन ऐक्सचेंज।
3. पुलिस लाइन दबरई।
4. रेलव स्टेशन।
5. बस स्टैण्ड।

कार्य विभाजन

1. हमले के दौरान विभिन्न टीमें गठित कर कार्य निर्धारण निम्नवत् किया जायेगा।
2. **जॉच दल–**इसका मुख्य कार्य खतरे की पहचान एवं उसका निर्धारण करना होगा। यह दल संक्रमण/खतरे के श्रोत्र को न्यूट्रल करेगा साथ ही प्रयोगशाला में नमूनों की जॉच एवं परीक्षण हेतु कार्यवाही भी करेगा।
01. **विसंक्रमण दल–**यह दल संक्रमण/खतरे पर नियन्त्रण के साथ ही व्यक्तियों/उपकरणों एवं क्षेत्र का विसंक्रमण/सफाई भी करेगा।

02. **बचाव दल :**—यह दल क्षेत्र खाली कराने के साथ ही लोगों की समस्याओं के अनुसार रास्ता आदि बताने में सहयोग करेगा। घायलों को अस्पताल पहुॅचाना तथा मेडीकल टीम का सहयोग करना इसका मुख्य कार्य होगा।

03. **चिकित्सा दलः**—दुर्घटना स्थल पर सथासंम्भव चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार देगा तथा साक्ष्यों को सुरक्षित रखने में भी सहयोग करेगा।

04. **सुरक्षा अधिकारीः**—सुरक्षा एवं सूचनाओं के आदान प्रदान के लिए अधिकारी होना चाहिए, जो सभी में समन्वय एवं अनुषासन रखे। अतिरिक्त संसाधनों की निम्नवत् व्यवस्था भी यह अधिकारी करेगा जैसे— जनरेटर, पेयजल व्यवस्था, एम्बुलैंनस , वाहन, मानव श्रम।

लघु, मध्यम एवं दीर्घ अवधि की कार्य योजना

लघु समय (0—3 वर्ष) में निम्न कार्य करने है—

1. सुरक्षा की दृष्टि से विद्यमान प्रतिबन्धों का पूर्व अनुपालन किया जाय।
2. अभिसूचना तन्त्र का कुशल उपयोग ।
3. खतरे और संवेदनषीलता के विश्लेषण का तत्रं विकसित करना ।
4. प्रयोगशालाओं एवं अन्य संसाधनों का विकास /सचल प्रयोगशालाओं का भी प्रयोग ।
5. फण्ड की उपलब्धता ।
6. मैडीकल टीमों का प्रशिक्षण एंव उपकरण।
7. जन—जागरूकता एवं प्रशिक्षण
8. स्वास्थ्य सुविधाओं एवं विसंक्रमण तथा विस्थापन की अत्याधुनिक व्यवस्था।

मध्यम समय (05 से 5 वर्ष) में निम्न कार्य करने है—

इस अवधि में मुख्य रूप से प्रथम चरण के कार्यों की पूर्णता एवं कुशलता देखनी है।

दीर्घ काल (0—8 वर्ष) में निम्न कार्य करने है—

इसमें सारे कार्यों का उपयोग देखना है तथा नई परिर्वतनों के अनुसार उसमें परिर्वतन/संशोधन करना है इस अवधि तक निम्न बिन्दुओं पर कार्य करने होंगे।

1. एकीकृत व्यवस्था में राष्ट्रीय आपात योजना सरकारी एवं प्राईवेट सभी अस्पतालों पर लागू किया जायेगा।
2. सम्पूर्ण सूचना तन्त्र विकसित करना, जिसमें अस्पताल परिवहन, पुलिस फायर आदि सभी आपातकालीन सेवाओं से संचार संम्बन्ध हो।
3. सभी प्रकार के खसरों को शामिल करने वाला प्रयोगषालाओं का राष्ट्रीय नेटवर्क विकसित किया जाना।

अध्याय– 6

13वें वित्त आयोग द्वारा संस्तुत एवं वित्तपोषित ''कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम (क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम)''

राज्य आपदा प्रबंध प्राधिकरण, उ0प्र0 शासन, लखनऊ द्वारा जनपद फिरोजाबाद में 13वें वित्त आयोग द्वारा संस्तुत और वित्तपोषित ''कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम'' (क्षमता संवर्द्धन कार्यक्रम) जिला आपदा प्रबंध प्राधिकरण, फिरोजाबाद द्वारा संचालित किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत आपदा प्रबंधन के सुदृढ़ीकरण हेतु जनपद में क्षमता संवर्द्धन सम्बन्धित प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

जनपद में कुल 120 अतिसंवेदनशील आपदा प्रभावित ग्राम पंचायतों को चिन्हित किया गया है, जिसमें ग्राम स्तर के 50 व्यक्तियों (पंचायत, सरकारी, गैरसरकारी, मीडिया, स्थानीय नागरिक एवं अन्य संगठन के लोग) को 03 दिवसीय ग्राम स्तरीय आपदा प्रबंधन योजना निर्माण हेतु प्रशिक्षित किया जायेगा। ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु जनपद स्तर पर 15 मास्टर प्रशिक्षकों को चिन्हित किया गया है, जो राज्य स्तर पर 04 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षित जा चुके हैं। प्रशिक्षित 15 राज्य स्तरीय मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा जनपद में 105 जिला स्तरीय प्रशिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया, जिनके सहयोग से ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।



कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत जिला स्तर पर खोज एवं बचाव सम्बन्धी उपकरणों की व्यवस्था–

वर्षा ऋतु में हर वर्ष प्रदेश के बहुत से क्षेत्र बाढ एवं जल प्लावन से प्रभावित होते हैं, जिससे फसलों के साथ–साथ सम्पत्ति की भी गम्भीर क्षति होती हैं। अतः यह आवश्यक है कि पिछले वर्षो के अनुभव के आधार पर बाढ जैसी दैवी आपदा तथा उससे उत्पन्न स्थिति का सामना करने के लिये पहले से ही तैयारी रखी जाय ताकि बाढ की स्थिति में जन एवं धन की हानि कम से कम हो और पीडित व्यक्तियों को अविलम्ब राहत पहुंचाना सम्भव हो सके।

यहां यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अन्तर्गत जिला स्तर पर खोज एवं बचाव सम्बन्धी उपकरण यथा **सर्चलाइट, लाइफ जैकेट, लाइफ ब्वाय, मेगा फोन, फोल्डेबुल स्ट्रैचर, फर्स्ट एड किट, सेफ्टी हैलमेट, फायर एक्सटिनम्यूसर, जरीकेन (वाटर कन्टेनर) आदि क्रय कर लिये गये है**। प्रमुख सचिव,उ0प्र0शासन राजस्व अनुभाग–11 के पत्र संख्या 330/1–11–2015–22(जी)/09 दिनांक 19.06.2015 में दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रति ग्राम पंचायत 50 व्यक्तियों को आपदा पूर्व तैयारी एवं आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। बाढ प्रभावित ब्लाकों में प्रति ब्लाक 10 होमगार्डो को आपदा से बचाव हेतु प्रशिक्षित किये जाने के साथ उपकरणों से सुसज्जित भी किया गया है।

अध्याय– 7

बचाव :

क्या करें–

1. प्रभावित क्षेत्र खाली करें तथा आपदा प्रबन्धन नियन्त्रण कक्ष के टेलीफोन नंम्बर 0512–285217 पर तथा पुलिस /अस्पताल को तत्काल सूचित करें।
2. जहरीली गैसों के प्रभाव से यदि पक्षी मरते एवं गिरते दिखाई पडे तो मकान अथवा कार्यालय जैसे बन्द ढाचे के अन्दर शरण लें तथा दरवाजे खिडकियॉ पंखे एयरकंडीसनर बन्द कर दें।
3. रेडियों, टी0वी0 की घोषणाऐं सूने और जब कहा जाय तब बाहर निकलें।
4. बाहर से घर आने पर तत्काल स्नान करें एवं कपडे प्लास्टिक के बैग में अलग रख दें।
5. यदि खुले में हो ते मुॅह व नाक गिले पकडे से बन्द रखें।
6. संक्रमण फैलाने वाले व्यक्तियों/पदार्थों से दूर रहें।
7. 100 मी0 के दायरे को बन्द किया जाय।
8. हवा की दिषा में 500 मी0 तक तत्काल खाली किया जाय।
9. पुलिस/अस्पताल को तत्काल सजग किया जाय।
10. Three Colour Detector Paper (TCD) Paperऔर RBV & Residual vapeur Detection kit का प्रयोग करें Chemical agent की खोज करना।
11. Chemical ajent moniter AP2C/CAMका प्रयोग कर Nerve/Glister agentका पता करना। यदि Nerve agent है तो विष रोधी दवाओं हेतु Autojet Injectors (AJI) का प्रयोग करना । यदि Glister agent है तो चर्म संक्रमण हटाने हेतु PDJ- Personal Decontamination kit का प्रयोग करना।
12. स्पेक्ट्रोस्कोपी (Spectroscopy) आधारित CAMका प्रयोग कर सक्रमित क्षेत्र चिन्हीकरण या फ्लेम फोटोमेट्री आधारित मानिटर AP2Cका प्रयोग ।
13. विसंक्रामक सूट पहन कर क्षेत्र की सफाई सचल विसंक्रामक उपकरण और विसंक्रमण Salutionसे करना ।
14. प्रभावित व्यक्तियों को हटाने के लिये Casulty बैग का प्रयोग करना।
15. व्यक्तिगत सुरक्षा कवच किसी प्रशिक्षत व्यक्ति द्वारा निम्नवत पहनाया एवं उतारा जाय।

पहनाने का क्रम	उतारने का क्रम
1. IPG- Individual protective	1–विसंक्रमण किट से सफाई
2. Shoes	2–Shoes
3. सर्जिकल और व्यूटाइल रबर दस्ताना	3– व्यूटाइल रबर दस्ताना
4. मॉस्क एवं थैनिस्टर	4–IPG
	5– सर्जिकल दस्ताना
	6– थैनिस्टर व फेस मॉस्क

क्या न करें–

1. किसी द्रव को न छुएं।
2. स्थल/पीडित के पास भीड न लगायें।
3. हवा के अनुकूल दिषा में न जाय।
4. अफवाह न फैलाऐं।
5. बचाव में लगे लोग अपना सूट तब तक न उतारें जब तक सुरक्षित न घोषित कर दिया जाय।
6. किसी भी संक्रमित वस्तु को न छुए। इन्हें सील प्लास्टिक बैंग मं ही रखें।
7. जब तक कहा न जाए अपने शरण स्थल से बाहर न निकलें।
8. नंगे पैर न निकलें।
9. अनावश्यक टेलीफोन न करें।

विषनाशक एवं जीवन रक्षक दवाओं शोधक/विषनाशक पदार्थों/आवश्यक उपकरणों एवं आपात कालीन किट हेतु आवश्यक सामग्रियों की सूची ***अनुलग्नक–2*** पर भाग–4 में लगायी गयी है।

इस प्रकार की आपदा से निपटने के लिए Standard Operation System (SOP) इस प्रकार है।

<u>जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरणः–</u>

क्र0 सं0	अधिकारी/ संस्था	घटना के पूर्व	घटना के दौरान	घटना के उपरान्त
1–	कलेक्टर/ जिलाधिकारी	विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना। प्रशिक्षण जनसहभागिता एवं प्रर्वाभ्यास के कार्यक्रमों का अनुश्रवण।	सभी विभागों को क्रियाषील कराते हुये आवश्यकताओं का चिन्हीकरण एवं त्वरित प्रतिक्रिया।	बचाव, राहत एवं पुर्नवास कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण कर
	पुलिस अधीक्षक	खोज, बचाव एवं राहत दलों का पर्याप्त प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास। आवष्यक आधुनिक उपकरणें/ संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। रासायनिक पदार्थों के भंणरण, परिवहन पर सतर्क दृष्टि रखना तथा अभिसूचना एकत्र करना।	खोज, बचाव, राहत सिंक्रमण आदि त्वरित प्रतिक्रिया टीमों को स्थल पर भेजना। कानून व्यवस्था, ट्रेफिक हेतु आवष्यक पुलिस बल तैनात करना।	विस्थापन, क्षेत्र की घेरेबन्दी, शरणालय/राहत केन्द्र, अस्पताल आदि पर पुलिस व्यवस्था। आवश्यकतानुसार सैन्य/अर्द्ध सैन्य बलों की मॉग । स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शव निस्तारण
3–	मुख्य चिकित्साधिकारी	पर्याप्त चिकित्सकीय उपकरणों से युक्त राहत एवं बचाव दल को प्रषिक्षित कराना एवं उनका पूर्वाभ्यास करना। चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवष्यक दावाइयों उपकरणें एवं अन्य आवश्यक संसाधनों आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करना। प्राईवेट अस्पतालों का चिन्हीकरण एवं समन्वय	घटना स्थल पर त्वरित गति से राहत एवं बचाव दल को राहत किट, उपकरणें एवे अन्य आवष्यक संसाधनों आदिके साथ भेजना। जिला अस्पताल में पृथक वार्ड, डाक्टर, दवाओं, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था करना।	प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना प्रभावित क्षेत्रों को विसंक्रमित करना। परीक्षण हेतु रसायनों के नमूने एकत्र कराने में सहयोग करना। राहत षिविरों/ शरणालयों पर चिकित्सा व्यवस्था पुलिस के सहयोग से शव निस्तारण।

4–	अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)	आपदा पूर्व तैयारियों का अनुश्रवण। तहसील, ब्लाक एवं ग्राम स्तरीय कार्य योजना तैयार करना। जन जागरूकता, प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास। आपात कालीन कन्ट्रोल रूम से संम्बन्धित व्यवस्था।	राजस्व विकास एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों एवं संसाधनों को एकत्रित कर उनका उपयोग करना। आपात कालीन नियंत्रण कक्ष को क्रियाशील करना। आवश्कतानुसार आपदा स्थल पर नियंत्रण कक्ष खोलना, राहत सामग्री राहत षिविरों की व्यवस्था।	ब्चाव राहत एवं पुनर्वास कार्यों का प्रभावी अनुश्रणव क्षति का आंकलन तथा प्रभावित/पीडितों/मृतकों आदि की सूचीकरण, रिपोंटिंग आदि कार्य।
5–	उपजिलाधिकारी	तहसील स्तरीय सभी विभागों का अनुश्रवण, जन जागरूकता, प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास	प्रभावित क्षेत्रों की सूचना देना तहसील स्तरीय विभागों को क्रियाशील करते हुए आवश्यकताओं का चिन्हीकरण एवं प्रभावी कार्यवाही करना।	पीडित व्यक्तिओं को राहत पहुॅचाना एवं सूचनाओं का आदान प्रदान करना। क्षति का आंकलन तथा प्रभावितों/पीडितों/मृतकों आदि की सूचीकरण, रिपोर्टिंग आदि कार्य।
6–	जल निगम	रासायनिक हमले से बचाव हेतु अपने जल श्रोतों एवं पेय जल योजनाओं की सुरक्षा की तैयारी एवं प्रशिक्षण	यह सुनिश्चित करना कि कोई पेयजल स्त्रोत संक्रमित न हुआ हो। संक्रमित पेय जल को विसंक्रमित करना। इसके लिये मुख्य चिकित्सा अधिकारी का सहयोग लेना।	शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना । क्षतिग्रस्त पेयजल स्त्रोंतों की मरम्मत।
7–	विद्युत विभाग	पर्याप्त प्रशिक्षण। पूर्वाभ्यास आवश्यक आधुनिक उपकरणों/संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। अपने विद्युत केन्द्रों पर अवॉछनीय व्यक्तियों को प्रवेश से रोंकें तथा ऐसे किसी प्रयास की सूचना तत्काल पुलिस को दें।	स्थानीय परिस्थितियों के अनुसारक्षेत्र विशेष की विद्युत कटौती तथा जिला अस्पताल एवं राहत शिविरों में विद्युत आपूर्ति।	क्षतिग्रस्त संम्पत्तियों का पुनः निर्माण
8–	परिवहन विभाग	पर्याप्त प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास/आवश्यक आधुनिक उपकरणों/संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। ट्रान्सपोर्टरों की सूची एवं उनके फोन नम्बर आदि रखना।	मॉग अनुसार अतिशीघ्र वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	
9–	रसद एवं आपूर्ति विभाग	पर्याप्त प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास। आवश्यक खाद्यान्न तेल चीनी, आदि की आपूर्ति हेतु थोक व्यापारियो एवं भण्डार ग्रहों का चिन्हीकरण पेट्रोल	मॉग के अनुसार आवश्यक खाद्यान्न तेल , चीनी, पेट्रोल , डीजल, एवं एल0पी0जी0 सुरक्षित करना।	मॉग के अनुसार आवश्यक खाद्यान्न तेल , चीनी, पेट्रोल , डीजल, एवं एल0पी0जी0 उपलब्ध कराना।

		पम्पों एवं एल0पी0जी0 गोदामों पर पेट्रोल डीजल एवं एल0पी0जी0 की उपलब्धता की चिन्हींकरण।		
10–	फायर ब्रिगेड	पर्याप्त प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों/संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	घटना स्थल पर अल्प समय में अग्निशमन एवं अन्य आवश्यक उपकरणों/संसाधनों के साथ पहुॅच कर राहत एवं बचाव कार्य करना।	पूनर्वास कार्यों में मदद करना।
11–	सूचना विभाग	पर्याप्त प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों/संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	मीडिया से समन्वय	मीडिया से समन्वय
12–	पशु चिकित्सा	पर्याप्त प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों/संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	पशुओं के इलाज संम्बन्धित समुचित व्यवस्था करना।	पशुओं कैम्पों पर चारे की व्यवस्था टीकाकरण एवं सामुदायिक सहयोग से शवों का निस्तारण कराना आदि कार्य।

अध्याय– 8

परमाणु आपदा

यह मानव जनित आपदा है। परमाणु बम के हमले के अतिरिक्त दुर्घटना या आतंकवादी घटनाओं द्वारा रेडियोधर्मी पदार्थों के विकिरण के कारण इस प्रकार की आपदा आ सकती है। आतंकवादी कम शक्तिशाली हथियारों का इस्तेमाल घनी आवादी वाले इलाकों , फसलों खाद्य भण्डारों आदि पर करके अव्यवस्था एवं अराजकता फैलाने का प्रयास कर सकते है। दुर्घटनावश यह आपदा न्यूक्लियर प्लाण्ट पर आ सकती है। या रेडियोंधर्मी पदार्थों के परिवहन के दौरान हो सकती है। इस क्षेत्र में देश की संस्था Atommic Energy Regulatory Board(AERB) है, जो मुख्य नियंत्रक है। इसका पर्यवेक्षण एवं नियत्रण परिवहन, प्लाण्ट आदि पर रहता है। मुख्य खतरा इस आपदा से तब है जब यह हमले के रूप में हो।

मानव आदि काल से प्रकृति के श्रोतों से विकिरण की मात्रा लेता आ रहा है। भारत के केरल के तटीय इलाकों, चीन, ब्राजील, ईरान आदि में इससे अधिक मात्रा में विकरण लोगों को प्रकृति से ही मिलता रहता है। रेडिएशल का उपयोग मानव हित के विभिन्न क्षेत्रों में भी किया जाता है–

1. विघुत उत्पादनों में परमाणु विखडंन (Nuclear fission)का प्रयोग किया जाता है।
2. कोवाल्ट– 60 औरCs-137 का इस्तेमाल खनन तथा बैस एवं तेल उद्योग में किया जाता है।
3. Co-60या Cs--137 का Y श्रोत के रूप में मेडीकल उत्पादों, मॉस, सब्जियों आदि के परिषोधन हेतु उपयोग होता है।
4. कैंसर के इलाज हेतु Teletherapy में गामा विकिरण का उपयोग किया जाता है।

   परमाणु या रेडियोलॉजिकल आपदा उस स्थित को कहते है जब परमाणु हमले या रिसाव के कारण विकिरण अत्यधिक हो।

परमाणु विस्फोट का प्रभाव–विस्फोट का प्रभाव परमाणु अस्त्र के प्रकार एवं विस्फोट की ऊचाई हवा के रूख आदि पर निर्भर करता है। मानव प्रकृति पर यह असर तीन प्रकार से पडता है।

1. **विस्फोट प्रभाव**–अचानक विस्फोट से बहुत अधिक ऊर्जा निकलती है, जिससे अत्यधिक गर्मी और आस–पास के हवा में दबाब बन जाता है। गर्म और संघनित वायु फैलती है और तेजी से ऊपर उठती है, जिससे पृथ्वी पर, पानी में शक्तिशाली कम्पन पैदा होता है इससे संम्पत्ति की व्यापक क्षति होती है। तेज आवाज से कान खराब हो जाता है। इससे अत्यधिक गतिशील हवा भी चलती है, जिसमें चीजें उडने लगती है।
2. **गर्मी का प्रभाव**– अत्यधिक गर्मी तीव्र चमक वाला प्रकाश पैदा करती है। और इससे गर्मी विकिरण होता है। जिससे आग लग जाती हैं तथा कई कि0मी0 तक फैल जाती है। अन्य ज्वलनशील बस्तुओं के मिलते जाने से आग का तूफान सा आ जाता है।

3. **विकिरण**–शुरू के 1 मिनट में प्रारम्भिक विकिरण का प्रभाव कुछ दूरी में रहता है । इसके बाद गैस या धूल कणों के साथ रेडियों धर्मी पदार्थ धरती पर गिरते है। तथा कई सौ कि0मी0 तक के क्षेत्र को संक्रमित कर सकते है। जिसका असर व्यक्ति पर आजीवन आने वाली पीढियों तक पड सकता है।

उक्त से निपटने के लिये विशेष मैडीकल तैयार भी होनी चाहिए–

1. **विसंक्रमित कक्ष का निर्माण** –चिन्हित अस्पताल में पर्याप्त उपकरण एवं औषधियों युक्त एक कक्ष होना चाहिए।
2. **धूल रहित वायु**– इलाज के लिये एक ऐसा वार्ड होना चाहिए जहॉ शुद्ध वायु मिल सके।
3. **रेडियोएक्टिव** वस्तुओं के निस्तारण की पृथक से व्यवस्था होनी चाहिए। मानव रहित क्षेत्र में एक टैंक होना चाहिए।
4. सुसज्जित सचल दस्ते भी होने चाहिए जो राहत बचाव कार्य कर सके।
5. सुरक्षित उपकरणों से युक्त विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षित टीमें सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुॅचेगी। इसके पास आवश्यक उपकरण होंगे। उपकरणों/यन्त्रों की सूची अनुलग्न– 3 पर है।
6. पुलिस एवं फायर सर्विस के कर्मचारी भी पर्याप्त प्रशिक्षित एवं सुसज्जित होंगे।
7. जिले में रेडियोऐक्टिव पदार्थों का उपचार करने हेतु प्रशिक्षित एवं सुसज्जित स्टॉफ, डाक्टर, एम्बुलैंस एवं अस्पताल की यूनिट तैयार करनी होगी। आवश्यक जीवन रक्षक औषधियों के साथ ही दुष्प्रभाव कम करने एवं फैलाव रोकने तथा विसंक्रमण के लिए भी टीमें, उपकरण एवं औषधियॉ होनी चाहिए।
8. इन कार्यों के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी, मुख्य उत्तरदायी होंगे। प्रशिक्षण आदि के उपरान्त घटना के उपरान्त बाहरी सहायता के लिए भी उचित स्तर पर बातचीत करेंगे।
9. विकिरण मॉनिटर संवेदनशील स्थानों पर लगाए जा सकते है, जो नजदीकी थाने से जुडे हो। साथ ही पुलिस वाहनों में भी ये उपकरण लगाए जा सकते है। जिले के बम निरोधी दस्ते के पास विकिरण खोजी उपकरण होना चाहिए। इसके अतिरिक्त जॉच आदि कार्य के लिए फोरेंसिंक प्रयोगशाला भी होनी चाहिए, जो वर्तमान में सबसे नजदीक लखनऊ में है।

घटना के दौरान–

इस प्रकार की किसी आपात स्थित में गठित दस्ते पूर्व सुसज्जित होकर घटना स्थल को प्रस्थान करें। ये दस्ते शिफ्टों में काम करेंगे। विभिन्न दस्ते एवं इसकी जिम्मेदारियॉ इस प्रकार होगी–

1. **खोजी टीम**–यह टीम मुख्य रूप से विकिरण स्थल एवं उसके स्तर की जॉच के लिए उत्तरदायी होगी। यह टीम जन हानि का आंकलन भी करेगी। जॉच के लिए नमूने लेकर उसे प्रयोगशाला भेजने के साथ ही किसी संदेह की दशा में अपने वरिष्ठ अधिकारी को सूचित करेगी। किसी क्षेत्र में राहत कर्मी जा सकते है और कितना क्षेत्र प्रतिबंधित होना है, का निर्धारण भी यही टीम करेगी।
2. **विसंक्रमण टीम**–यह टीम प्रभावित व्यक्तियों, उपकरणों एवं क्षेत्र के विसंक्रमण के लिए उत्तरदायी होगी। यह टीम घायलों को मैडीकल टीम को देगी। कम घायल अथवा सामान्य व्यक्तियों के मैडीकल सलाह के आधार पर जाने दिया जायेगा। विसंक्रमण के लिऐ इस्तेमाल पानी को टैंकों में सुरक्षित रखा जाएगा तथा उसका निस्तारण पूर्व निर्धारित स्थल पर किया जायेगा। क्षेत्र को सामान्य घोषित करने के पूर्व सघन सर्वे भी यह टीम करेगी।

3. **बचाव एवं विस्थापन टीम**–यह टीम मुख्य रूप से लोगों के विस्थापन एवं सहायता के लिए जिम्मेदार होगी, जिन्हें विसंक्रमित स्थान पर ले जाया जाएगा। लोगों को सही सूचनाऐं देकर अफवाहों पर विराम लगायेगी तथा पीडित व्यक्तियों को अस्पताल तक पहुँचायेगी।
4. **मेडीकल टीम**–यह टीम घटना स्थल पर प्राथमिक उपचार के लिए एवं गम्भीर रोगियों को चिन्हित कर अस्पताल भेजवाने हेतु जिम्मेदारी होगी। विसंक्रमण टीम को मेडिकल सहयोग देगी तथा साक्ष्यों को सुरक्षित रखने में सहयोग देगी।
5. **समन्वय टीम**–उक्त सभी टीमों के कार्यों में समन्वय रखने, शिफ्टवार कार्य सुनिश्चित कराने तथा सूचनाओं के सही आदान–प्रदान के लिए सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में यह टीम कार्य करेगी।

घटना के उपरान्त

. घायलों एवं पीडितों को हटाने के बाद क्षेत्र एवं चल, अचल सामग्री विसक्रमित की जायेगी। मृतकों के शरीर प्लाटिक बैग में पूर्व निर्धारित स्थानों या मोर्चरी में ले जाया जाएगा। मिट्टी, वायु एवं जल में विकिरण की सम्भावनाओं के दृष्टिगत हन्हें विसंक्रमित किया जाऐगा। विसंक्रमण के लिए रेडियोएक्टिव सामग्री को मशीनों से इकट्ठा किया जाएगा तथा धूल को वैक्यूम क्लीनर से हटाया जाएगा। क्षेत्र को पानी से धुल कर भी विसंक्रमित किया जाएगा।

परमाणु आपदा–प्रबन्धन हेतु चेकलिस्ट

बचाव एंव राहत कार्यों का चिन्हांकन।

1. विस्थापन एवं पुर्नवास की आवश्यकताऐं।
2. विशेषज्ञ टीमों की व्यवस्था, शिफ्टवार ड्यूटी।
3. उपकरणों एवं संसाधनों को विसंक्रमण से बचाना।
4. लाउडस्पीकर, टॉर्च, जनरेटर, प्लास्टिक बैंग, एम्बुलैस, स्ट्रेचर, गैस मॉस्क आदि का उपयोग।
5. संक्रमित क्षेत्र को पृथक करना।
6. विस्थापन, मार्ग, परिवहन आदि।
7. विसंक्रमण।
8. संचार व्यवस्था।
9. रेडियोएक्टिविटी का स्तर।
10. मानव, पशु शवों एवं संक्रमित वस्तुओं का निस्तारण। निस्तारण बैंग में सील करके पूर्व निर्धारित स्थल पर ही किया जाय।
11. संक्रमित वस्तु, वस्तुएं हटायी जॉय तथा लोगों को विसंक्रमित करके ही कहीं जाने दिया जाय।
12. घटना का विवरण संक्षेप में कालक्रमानुसार तैयार करना।
13. निषिद्व क्षेत्र में जाने–आने वाले हर व्यक्ति का अभिलेखीकरण किया जायेगा। नाम, जानें आने का समय, कारण आदि।
14. प्रवेश करने वाले सभी व्यक्तियों को प्रवेश के समय Pocket dosimeter दिया जाय तथा उसकी जाने एवं आने के समय रीडिंग ली जाय।

लघु, मध्यम एवं दीर्घ अवधि की कार्य योजना

इस तरह की आपदाओं से निबटने के लिए कम समय (0–3 वर्ष) में निम्न कार्य करने है–

लघु, समय (0–3 वर्ष) में निम्न कार्य करने है–

1. सुरक्षा की दृष्टि से बिद्यमान प्रतिबधों का पूर्व अनुपालन किया जाय।
2. अभिसूचना तंत्र का कुशल उपयोग।
3. खतरे और संवेदनशीलता के विश्लेषण का तंत्र विकसित करना।
4. प्रयेाग शालाओं एवं अन्य संसाधनों का विकास/संचल प्रयोगशालाओं का भी प्रयोग फण्ड की उपलब्धता ।
5. मैडीकल टीमों का प्रशिक्षण एंव उपकरण।
6. जन–जागरूकता एवं प्रशिक्षण।
7. स्वास्थ्य सुविधाओं एवं विसंक्रमण तथा विस्थापन की अत्याधुनिक व्यवस्था।

मध्यम समय (0–5 वर्ष) में निम्न कार्य करने हैः–

इस अवधि में मुख्य रूप से प्रथम चरण के कार्यो की पूर्णता एवं कुशलता देखनी है।

दीर्घ काल (0–8 वर्ष) में निम्न कार्य करने हे–

इसमें सारे कार्यों का उपयोग देखना है तथा नयी परिर्वतनों के अनुसार उसमें परिर्वतन/संषोधन करना है। इस अवधि तक निम्न बिन्दुओं पर कार्य करने होंगे।

1. एकीकृत व्यवस्था में राष्ट्रीय आपात योजना सरकारी एवं प्राईवेट सभी अस्पतालों पर लागू किया जायेगा।
2. संम्पूर्ण सूचना तंत्र विकसित करना, जिसमें अस्पताल परिवहन, पुलिस , फायर आदि सभी आपातकालीन सेवाओं से संचार संम्बन्ध हो।
3. सभी प्रकार के खतरों को शामिल करने वाला प्रयोगषालाओं का राष्ट्रीय नेटवर्क विकसित किया जाना।

क्या करे– क्या न करें

क्या करें परमाणु हमला या दुर्घटना के पूर्व–

1. संक्रमण फैलाने वाले व्यक्तियों/पदार्थों से दूर रहे।
2. आवास मं एक वेसमेट बनाए या चिन्हित करें जहॉ पर पूरा परिवार रह सके।
3. यदि बेसमेट न हो तो घर के सामने गढ्ढा खोदकर बंकर बना लें।
4. घर पर नष्ट व खराब न होने वाले खाद्य एवं पेय पदार्थ सुरक्षित रखें।
5. शरणालय में मूत्रालय व शौचालय की भी व्यवस्था रखें।
6. पर्याप्त प्रकाष व्यवस्था रखें।
7. बैट्री संचालित रेडियो रखें।
8. खिडकियों एवं शीषे के दरवाजों पर काला पेपर चिपका दें।

क्या करें परमाणु हमला एवं दुर्घटना के दौरान

1. 4 से 5 फीट गहरे गढ्ढे की तलहटी में गामा विकिरण से बचाव हो सकता है।
2. प्रकाश एवं गर्मी से सुरक्षा का कार्य बाग अथवा जंगल में हो सकता है।
3. यदि खुले में है तो तत्काल जमीन पर लेट जाय तथा तब तक पडे रहे जब तक मिट्टी कंकड–लकडी के टुकडे गिरना बन्द न हो जाय।

4. आंख एवं चेहरे को हाथों से ढंक ले।
5. कानों को भली–भॉति उंगली से बन्द कर लें।
6. यदि वाहन है तो प्रकाश होने पर चेहरा नीचे कर वाहन से दूर प्रकाश की दिशा में जमीन पर लेट कर शरण लें।

<u>क्या करें परमाणु हमला या दुर्घटना के बाद</u>

1. चोट एंव जलन तथा क्षति अत्यधिक घबराहट पैदा पर सकते है। अतः मानसिक दृष्टि से मजबूत एवं शान्त बने रहे क्योंकि यदि दुर्घटना स्थल के बहुत पास नहीं है। और विस्फोट में बच गये है तो विकिरण के खतरे की आशंका कम हो जाती है।
2. छोटी मोटी आगों को फैलने से पहले बुझा दें।

इस प्राकर की आपदा से निपटने के लिए Standard Operation System (SOP) इस प्रकार है–

<u>जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण–</u>

क्रमांक	अधिकारी /संस्था	घटना के पूर्व	घटना के दौरान	घटना के उपरान्त
1	कलेक्टर जिलाधिकारी	विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना। प्रशिक्षण, जनसहभागिता एवं पूर्वाभ्यास के कार्यक्रमों का अनुश्रवण।	सभी विभागों को क्रियाशील करते हुये आवश्यकताओं का चिन्हीकरण एवं त्वरित प्रतिक्रिया	बचाव, राहत एवं पुर्नवास कार्यों का प्रभावी अनुश्रवण
2	पुलिस अधीक्षक	खोज बचाव एवं राहत दलों का पयाप्त प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास आवश्यक आधुनिक उपकरणों/ संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। अभिूसचना एकत्रीकरण सैन्य/अर्द्ध सैनिक बलों से समन्वय	खोज बचाव राहत विसंक्रमण आदि त्वरित प्रतिक्रया टीमों को स्थल पर भेजना कानून व्यवस्था ट्रैफिक हेतु आवश्यक पुलिस बल तैनात करना।	विस्थापन क्षेत्र की घेरेबन्दी शरणालय/राहत केन्द्र अस्पताल आदि पर पुलिस व्यवस्था आवश्यकतानुसार सैन्य/अर्द्ध सैन्य बलों की मॉग स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शव निस्तारण
3	मुख्य चिकित्साधिकारी	पर्याप्त चिकित्सकीय उपकरणों से युक्त राहत एवं बचाव दल को प्रशिक्षित कराना एवं उनका पूर्वाभ्यास करना। चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दवाइयों उपकरणें एवं अन्य आवश्यक संसाधनों आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करना। प्राईवेट अस्पतालों का चिन्हीकरण एवं समन्वय।	घटना स्थल पर त्वरित गति से राहत एवं बचाव दल को राहत किट, उपकरणें एवे अन्य आवश्यक संसाधनों आदिके साथ भेजना। जिला अस्पताल में पृथक वार्ड, डाक्टर, दवाओं, एम्बुलेंस आदि की व्यवस्था करना।	प्रभावित व्यक्तियों को चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना प्रभावित क्षेत्रों को विसंक्रमित करना। परीक्षण हेतु रसायनों के नमूने एकत्र कराने में सहयोग करना। राहत शिविरों/ शरणालयों पर चिकित्सा व्यवस्था पुलिस के सहयोग से शव निस्तारण।
4	अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0)	आपदा पूर्व तैयारियों का अनुश्रवण। तहसील, ब्लाक एवं ग्राम स्तरीय कार्य योजना तैयार करना। जन जागरूकता, प्रशिाक्षण, पूर्वाभ्यास। आपात कालीन कन्ट्रोल रूम से संम्बन्धित व्यवस्था।	राजस्व विकास एवं अन्य विभागों के कर्मचारियों एवं संसाधनों को एकत्रित कर उनका उपयोग करना। आपात कालीन नियंत्रण कक्ष को क्रियाशील करना। आवश्यकतानुसार आपदा स्थल पर नियंत्रण कक्ष खोलना, राहत सामग्री राहत शिविरों की व्यवस्था।	बचाव राहत एवं पुनर्वास कार्यों का प्रभावी अनुश्रणव क्षति का आंकलन तथा प्रभावित/पीडितों/मृतकों आदि की सूचीकरण, रिपोंटिंग आदि कार्य।
5	उपजिलाधिकारी	तहसील स्तरीय सभी विभागों का	प्रभावित क्षेत्रों की सूचना देना	पीडित व्यक्तिओं को

		अनुश्रवण, जन जागरूकता, प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास	तहसील स्तरीय विभागों को कियाशील करते हुए आवश्यकताओं का चिन्हीकरण एवं प्रभावी कार्यवाही करना।	राहत पहुँचाना एवं सूचनाओं का आदान प्रदान करना। क्षति का आंकलन तथा प्रभावितों/पीडितों/मृतकों आदि की सूचीकरण, रिपोर्टिंग आदि कार्य।
6	जल निगम	परमाणु हमले से बचाव हेतु अपने जल श्रोतों एवं पेय जल योजनाओं की सुरक्षा की तैयारी एवं प्रशिक्षण	यह सुनिश्चित करना कि कोई पेयजल स्त्रोत संक्रमित न हुआ हो। संक्रमित पेय जल को विसंक्रमित करना। इसके लिये मुख्य चिकित्सा अधिकारी का सहयोग लेना।	शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना । क्षतिग्रस्त पेयजल स्त्रोंतों की मरम्मत।
7–	विद्युत विभाग	पर्याप्त प्रशिक्षण। पूर्वाभ्यास आवश्यक आधुनिक उपकरणों/संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। अपने विद्युत केन्द्रों पर अवॉछनीय व्यक्तियों को प्रवेश से रोंकें तथा ऐसे किसी प्रयास की सूचना तत्काल पुलिस को दें।	स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार क्षेत्र विशेष की विद्युत कटौती तथा जिला अस्पताल एवं राहत शिविरों में विद्युत आपूर्ति।	क्षतिग्रस्त संम्पत्तियों का पुनः निर्माण
8–	परिवहन विभाग	पर्याप्त प्रषिक्षण पूर्वाभ्यास/आवश्यक आधुनिक उपकरणों / संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना। ट्रान्सपोर्टरों की सूची एवं उनके फोन नम्बर आदि रखना।	मॉग अनुसार अतिशीघ्र वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	
9–	रसद एवं आपूर्ति विभाग	पर्याप्त प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास। आवश्यक खाद्यान्न तेल चीनी, आदि की आपूर्ति हेतु थोक व्यापारियो एवं भण्डार ग्रहों का चिन्हीकरण पेट्रोल पम्पों एवं एल0पी0जी0 गोदामों पर पेट्रोल डीजल एवं एल0पी0जी0 की उपलब्धता की चिन्हींकरण।	मॉग के अनुसार आवश्यक खाद्यान्न तेल , चीनी, पेट्रोल , डीजल, एवं एल0पी0जी0 सुरक्षित करना।	मॉग के अनुसार आवश्यक खाद्यान्न तेल , चीनी, पेट्रोल , डीजल, एवं एल0पी0जी0 उपलब्ध कराना।
10–	फायर ब्रिगेड	पर्याप्त प्रशिक्षण पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों/संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	घटना स्थल पर अल्प समय में अग्निशमन एवं अन्य आवश्यक उपकरणों /संसाधनों के साथ पहुँच कर राहत एवं बचाव कार्य करना।	पूनर्वास कार्यों में मदद करना।
11–	सूचना विभाग	पर्याप्त प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों /संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	मीडिया से समन्वय	मीडिया से समन्वय
12–	पशु चिकित्सा	पर्याप्त प्रशिक्षण, पूर्वाभ्यास। आवश्यक आधुनिक उपकरणों /संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करना।	पशुओं के इलाज संम्बन्धित समुचित व्यवस्था करना।	पशुओं कैम्पों पर चारे की व्यवस्था टीकाकरण एवं सामुदायिक सहयोग से शवों का निस्तारण कराना आदि कार्य।

जैविक आपदा प्रबन्धन –

विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस प्राकृतिक रूप से फसल, पशु एवं मानव को महामारी के रूप में क्षति पहुॅचानते है। युद्ध में शत्रु और आतंकवादी भी इस प्रकार के बैक्टीरिया, वायरस आदि का प्रयोग करके आपदा जैसी स्थितियॉ उत्पन्न कर सकते है। भौगोलिक सीमाओं से परे ये मानव से मानव में , पशुओं से मानव में और फसलों से मानव में फैला सकते है।एन्थ्रेक्स, छोटी चेचक, प्लेगं, स्वाइन फ्लू, एड्स कालरा आदि के उदाहरण है। लगभग 17 देश जैविक हथियारों पर काम कर रहे है। कई छोटे–बडे आतंकवादी गुटों के पास भी जैविक हथियार होने का अनुमान है। कोई भी व्यक्ति पशु–पक्षी या पेड–पौधे प्राकृतिक रूप से ये रोग फैला सकते है। यह जैविक हथियार के रूप में इस्तेमाल हो सकते है। भारतीय संदर्भ मं इसके खतरे के क्षेत्र चिन्हित करने में ध्यातव्य बिन्दु है–

1. रेगिस्तानी, हिमालयी क्षेत्रों में सैन्य ठिकानों पर हमले की आषंका कम है, किन्तु नौ सेना बेस या ऐसा मिलिट्री/नागरिक ठिकानों जो भौगौलियक रूप से पृथक हो निशाना बनाया जा सकता है।
2. आतंकवादी एन्थेक्स जैसा जैविक हथियार नागरिक क्षेत्र में प्रयुक्त कर सकते है।
3. बर्ड फ्लू से पोल्ट्री उद्योग को व्यापक क्षति पहुॅची। साथ ही मनुष्यों को शारीरिक क्षति और परेशानी हुई। इस प्रकार कृषि उत्पाद और पशु–पक्षी भी निशाना बनाए जा सकते है। PaRtheniumysterathrus, 50 के दशक में गेहू के साथ आया और फसलो को बहुत क्षति पहुॅचायी ।
4. शहरी क्षेत्रों में अत्याधिक जनसंख्या धनत्व इस प्रकार के रोगों की स्थित में आतंक के साथ ही रोग के वास्ताविक फैलाव में अहम है। जैसे 1994 में सूरत मैं फैला प्लेग रोग।

   इसका असर दो प्रकार से हो सकता है। एन्थेक्स की श्रृखला नहीं बनती, जबकि छोटी चेचक प्लेग की श्रृखला बनती है।

निरोधात्मक उपाय–

